Beautiful India

Department of Posts is conducting stamp design competition on various themes from 2015 on the occasion of Republic Day, Independence Day and Children's Day at national level. Based on the entries received from the participants, stamps are designed and released. Selected participants are given cash awards for first three places. As a novel exercise this time, a nationwide photography competition on theme "Beautiful India" was conducted on the occasion of Independence Day, 2017. Based on the best entries, stamps, First Day Cover and Brochure have been designed. The first three places won in Photography Competition are by Sh. K. Narayanaswamy, Mr. Pulkit Tyagi and Sh. Mihir Singh. Entries received from Sh. K. Narayanaswamy, Mr. Pulkit Tyagi and Sh. Mihir Singh, Ms. Surya R. G. and Smt. Chamah Sharma have been used for designing the Stamp, FDC and Brochure.

India is a unique country with rich diversity in geography, diversity in languages, diversity in food, diversity in clothes, diversity in festivals and so on which uniquely represents the mosaic of our country and its people. India's astounding diversity of religions, languages and cultures is unique and unparalleled. The culture of the vast subcontinent, varied and complex in its rich heritage is among the oldest in the world. Five thousand years of history have nourished the growth of our great civilization. It has been vitalized through cross cultural contacts and characterized by unity in diversity.

The selected photographs depict the various natural and beautiful aspects of India. The tree laden with yellow flowers at both sides of road and girls going to school is a nice visual. The hills of Lahaul, Himachal Pradesh and photograph of Tajmahal snapped from the garden brings a refreshing angle to a popular subject. The photo of Saryulsar Lake, Kullu and the scenery of a pond circled with hyacinth and filled with innumerable number of small water birds are indeed visual treats.

Department of Posts is pleased to release a miniature sheet and a set of two Commemorative Postage Stamps on Beautiful India on the selected entries.

Credits:-

Text	:	Based on the information available on internet
Stamps/Miniature Sheet/ FDC/Brochure/ Cancellation Cachet	:	Ms. Nenu Gupta, based on selected entries received from participant

भारतीय डाक विभाग
DEPARTMENT OF POSTS
INDIA



सुंदर भारत
BEAUTIFUL INDIA

विवरणिका **BROCHURE**

सुंदर भारत

डाक विभाग गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और बाल दिवस के अवसर पर वर्ष 2015 से विभिन्न विषयों पर राष्ट्रीय स्तर की डाक-टिकट डिजाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन करता आ रहा है। इन प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों से प्राप्त प्रविष्टियों के आधार पर डाक-टिकटों का डिजाइन तैयार किया जाता है और इन्हें जारी किया जाता है। सर्वश्रेष्ठ तीन प्रविष्टियां भेजने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार भी प्रदान किए जाते हैं। इसी दिशा में नवीन प्रयास के रूप में इस बार स्वतंत्रता दिवस, 2017 के उपलक्ष्य में 'मनोरम भारत' विषय पर देशव्यापी फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों के आधार पर डाक-टिकटों के साथ-साथ प्रथम दिवस आवरण और सूचना विवरणिका का डिजाइन तैयार किया गया है। इस प्रतियोगिता में शीर्ष तीन स्थान पाने वाली तीन प्रविष्टियां श्री के. नारायणस्वामी, श्री पुलकित त्यागी और श्री मिहिर सिंह से प्राप्त हुई। श्री के. नारायणस्वामी, श्री पुलकित त्यागी और श्री मिहिर सिंह के साथ-साथ, सुश्री सूर्या आर.जी. और श्रीमती क्षमा शर्मा से प्राप्त हुई प्रविष्टियों का इस्तेमाल डाक-टिकट, प्रथम दिवस आवरण और सूचना विवरणिका का डिजाइन तैयार करने में किया गया है।

भारत ऐसा अनूठा देश है जो भौगोलिक और भाषायी विविधता के साथ-साथ खान-पान, वेशभूषा और पर्व-त्योहारों आदि के समृद्ध वैविध्य से संपन्न है। इसी अद्‌भुत वैविध्य में हमारे समस्त देश और यहां बसने वालों की रंग-बिरंगी झांकी प्रतिबिंबित होती है। भारतभर में फैली धर्मों, भाषाओं और संस्कृतियों की यह इंद्रधनुषी विविधता वास्तव में अनूठी और अप्रतिम है। अत्यंतसमृद्ध विरासत की धनी इस विशाल उप-महाद्वीप की संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में गिनी जाती है। पांच हजार वर्ष के लंबे इतिहास ने हमारी इस महान सभ्यता को सींचकर इसका विकास किया है। अन्य सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों के लोगों से परस्पर संपर्क की प्रक्रिया ने इस महान सभ्यता को और भी सशक्त बनाया है और अनेकता में एकता की भावना इसकी विशिष्ट पहचान बन गई है।

इस प्रतियोगिता के अंतर्गत चुनी गई तस्वीरों में भारत के विविधतापूर्ण प्राकृतिक और सुंदरतम पहलुओं को दर्शाया गया है। सड़क के दोनों किनारों पर चटक पीले फूलों से लदे वृक्ष और इनके साये में स्कूल जाती बालिकाओं का दृश्य वास्तव में अत्यंत सुंदर नजारा है। इसी प्रकार, हिमाचल प्रदेश के लाहौल की पहाड़ियों की फोटो अत्यंत मनोरम है और बागीचे से ली गई ताजमहल की तस्वीर हमें इस मशहूर स्मारक के एकदम नए आयाम से परिचित कराती है। वहीं, कुल्लू की सर्युलसर झील और जलकुंभी से घिरे और छोटे-छोटे असंख्य जलपंछियों का आंगन बने तालाब का दृश्य भी बेहद खूबसूरत है।

डाक विभाग, सुंदर भारत विषय पर, चुनिंदा प्रविष्टियों के आधार पर तैयार की गई एक मिनियेचर शीट और दो स्मारक डाक-टिकटों का सेट जारी करते हुए प्रसन्नता का अनुभव करता है।

आभार:-

पाठ	: इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री के आधार पर आधारित
डाक टिकट/मिनियेचर शीट/ विवरणिका/प्रथम दिवस आवरण/ विरूपण	: श्रीमती नीनू गुप्ता, प्रतिभागियों से प्राप्त चुनिंदा प्रविष्टियों के आधार पर आधारित

भारतीय डाक
India Post

तकनीकी आंकड़े
TECHNICAL DATA

मूल्यवर्ग	:	1500 पैसा (2)
Denomination	:	1500 p (2)
मुद्रित डाक टिकटें	:	5.0 लाख प्रत्येक
Stamps Printed	:	0.5 million each
मुद्रित मिनियेचर शीट	:	1.0 लाख
Miniature Sheet Printed	:	0.1 million
मुद्रण प्रक्रिया	:	वेट ऑफसेट
Printing Process	:	Wet Offset
मुद्रक	:	प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद
Printer	:	Security Printing Press, Hyderabad

The philatelic items are available for sale at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

© डाक विभाग, भारत सरकार। डाक-टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the stamp, first day cover and information brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 5.00